DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times NEW DELHI THURSDAY APRIL 03, 2025

# DDA housing residents to protest

NEW DELHI: Residents of Signature View Apartments in Mukherjee Nagar will stage a protest at the DDA office on Thursday over alleged delays in initiating the relocation process from the structurally "unsafe" society.

"It has been four months since the high court order but the authorities have not established a definite timeline for disbursing rental payments, leaving residents unable to relocate without additional financial strain," said Amarendra Kumar Rakesh, RWA president.

The decade-old apartment complex built by DDA started showing signs of degradation within two years of construction. HTC

# Road coordination panel to minimise inter-agency issues

Snehil Sinha
htreporters@hindustantimes.com

NEW DELHI: A roadworks coordination committee for inter-agency cooperation for infrastructure works has been formed under the chairmanship of Delhi PWD minister Parvesh Verma, according to instructions from the Prime Minister's Office, officials said.

It will include members from the National Highways Authority of India (NHAI), Municipal Corporation of Delhi (MCD), New Delhi Municipal Council (NDMC), Delhi Development Authority (DDA) and Urban Development (UD) department.

Minister Verma said the committee will ensure fewer interdepartmental conflicts. "The multiplicity of authorities involved in road and flyover projects has often resulted in delays and miscommunication. Our goal is to ensure comprehensive development of roads in the national capital that will be built to last for the next 100 years and will be in accordance with the master plans. This committee will serve as a platform to resolve all coordination issues. The previous government has left the roads of Delhi in a state of complete disrepair, due to a decade of neglect," Verma told HT.

Delhi has a total road network of 33,198 kilometres, of which 18,594 kilometres are of expressways and highways that stitch together the national capital region (NCR). The Ring Road serves as a convergence point for five national highways—NH-44 (previously NH-1) NH 2, NH-48 (previously NH-8), NH-9 (previously NH-101 and NH-9 (previously NH-24). Additionally, NH-58 intersects with NH-24 at Ghaziabad. The region is also traversed by NH-71, NH-71-A, NH-71-8, NH-91, and NH-119.

The committee formation comes against the backdrop of extensive repairs and redevelopment of key stretches, including flyovers and underpasses, where a multiplicity of agencies often led to inefficiencies, and confusion, making the timely completion of road infrastructure challenging, officials said.

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, APRIL 3, 2025

# Verma to head committee for overseeing infra projects

Abhinav.Rajput
@timesofindia.com

New Delhi: A high-level coordination committee, chaired by minister Parvesh Verma, has been formed on the PMO's instructions to streamline infrastructure projects in Delhi. The panel includes top officials from agencies like DDA, PWD, MCD and NHAI, among others.

The committee's primary role is to eliminate overlapping authorities in road and flyover construction while also overseeing the implementation of Master Plan. The move aims to enhance efficiency and prevent delays in key infrastructure projects. The initiative is also expected to bring greater accountability and coordination among agencies involved in Delhi's urban development.

The establishment of the panel coincides with a significant push for the city's road infrastructure, encompassing the construction of flyovers and underpasses, as well as significant repair works. According to officials, the committee was formed as the involvement of multiple authorities frequently resulted in delays, operational inefficiencies and administrative confusion, hampering the timely delivery of critical projects.

Verma said the panel's focus will be cooperation between various agencies in ensuring that road construction and maintenance work progresses smoothly. "Also, the mandate is to ensure the Master Plan is implemented and Delhi becomes a world-class city as per the vision of PM Modi," he added.

Slamming the previous AAP govt, Verma said it "failed to advance infrastructure growth and deprived Delhi of its rightful position as a world-class city".

"BJP govt's goal is to create a unified approach to improve coordination and ensure that development and repair work is completed on time. The committee will serve as a platform to resolve all coordination-related issues," he said.

Delhi's road network has seen a substantial transformation in recent times. Several flyovers and underpasses are under construction to reduce traffic bottlenecks, especially in east and south Delhi. Moreover, some stretches, such as the ones near Dhaula Kuan and parts of Outer Ring Road, are being upgraded with improved surfacing and better traffic management systems.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI THURSDAY, APRIL 3, 2025 DATED---------------------

# SC panel's nod to construction of underground reservoirs in Ridge

Priyangi.Agarwal
@timesofindia.com

**Court has given approval to Delhi Jal Board for use of an area of 1,580 square metres of geomorphological Ridge for the construction of an underground reservoir in New Rajinder Nagar. The project will involve felling of 40 trees and transplantation of 20 trees**

**New Delhi:** The central empowered committee of Supreme Court has given approval to Delhi Jal Board for use of an area of 1,580 square metres of geomorphological Ridge for the construction of an underground reservoir in New Rajinder Nagar. The project will involve felling of 40 trees and transplantation of 20 trees. The committee has also given the nod to DJB to use parts of the Ridge for replacement of pipelines inside a DDA park in place of existing pipelines in Naraina Vihar as well as the construction of the Naraina underground reservoir.

However, the apex court will give the final permission for the project, which aims to improve water supply in the command area of the Chandrawal water treatment plant. Ridge Management Board approved the project in April last year. DJB said that due to the aged condition of the existing pipelines, their replacement had been proposed.

The SC committee, members of which visited the site on Feb 12, said the proposed construction of the Naraina reservoir would cover an area of 2,473 square metres on a geomorphological Ridge, with no tree felling required. The construction of the New Rajinder Nagar reservoir will cover an area of 1,580 square metres on this Ridge. As per the proposal, 60 trees will be affected, including 40 trees to be felled and 20 trees to be transplanted, out of a total of 254 trees present within the project area.

Besides, an area of 12,237 square metres of geomorphological Ridge has been proposed for the replacement of pipelines inside the DDA park in place of existing pipelines in Naraina Vihar, adjacent to the Naraina reservoir and R-Block, New Rajinder Nagar.

The committee, in its report dated March 27, said that it recommended the project as it was in the public interest. "DJB will seek permission from the competent authority for the felling and transplanting of 60 trees under the provisions of the Delhi Preservation of Trees Act, 1994, and ensure that the remaining 194 trees are not harmed in any way," it stated further.

The committee has warned that in case any tree out of the 194 trees is harmed, the applicant will be held responsible for such damage and shall be liable to deposit a penalty of Rs 1 lakh per tree, in addition to other penalties that may be imposed by the competent authority under the provisions of the Delhi Preservation of Trees Act, 1994.

The other condition imposed by the committee is that during the work related to the change in pipeline, no major equipment movement will be allowed inside the Ridge area, and pipeline shifting will be planned in such a manner that there is no damage to the trees standing there.

# Signature View Apts residents to stage protest

**New Delhi:** Residents of Signature View Apartments in Mukherjee Nagar have planned a protest on Thursday to voice their concerns over the alleged indifference shown by Delhi Development Authority officials towards their concerns. The residents alleged that the officials failed to comply with both the lieutenant governor's directive and Delhi High Court's ruling, which declared the building unsafe for habitation and mandated DDA to provide immediate rental compensation to facilitate relocation.

"Despite four months passing since the court order, the authorities have not established a definite timeline for disbursing rental payments, leaving residents unable to relocate without facing additional financial strain," said Amarendra Kumar Rakesh, president of the Signature View Apartments RWA.

"We will protest against DDA officials and file an official complaint with the law enforcement agencies to make them responsible for any unfortunate incident. We will gather at the apartment and later protest outside the DDA vice-chairman's office," said Amarendra Jha, former president of the RWA. TNN

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE


NAME OF NEWSPAPERS----- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025 -------DATED-------------------

# दिल्ली को संवारने के लिए सौ वर्ष का मास्टर प्लान बनेगा

हि एक्सक्लूसिव

■ गौरव त्यागी/ बृजेश सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली को विकसित राजधानी बनाने के लिए भाजपा सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर में सौ वर्ष का मास्टर प्लान तैयार करेगी। सभी विभागों के बीच समन्वय के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

पीएमओ के निर्देश पर बनी उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष प्रवेश वर्मा बनाए गए हैं। दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट अलग-अलग विभागों के बीच नहीं फंसेंगे। यह समिति समय से उन्हें पूरा कराने का काम करेगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने जनसभाओं में कहा था कि वह खुद दिल्ली के विकास का काम देखेंगे। इसका असर भी अब दिखने लगा है। प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इसमें डीडीए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनएचएआई और सीपीडब्ल्यूडी के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। दिल्ली में अभी तक अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय नहीं होने व केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग योजना के चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। समिति का गठन कर पीएमओ ने पहली बार इंफ्रा में सौ वर्ष का मास्टर प्लान तैयार करने को कहा है। दिल्ली में सीवर, सड़क और पानी की लाइन आबादी के हिसाब से छोटी पड़ गई हैं। योजना बनाकर इन्हें नहीं बनाया गया। अब 100 वर्ष को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान बनेगा।



### पीएमओ ने उच्च स्तरीय समिति बनाई, प्रवेश वर्मा अध्यक्ष

केंद्र की ओर से बनाई गई समिति राजधानी के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करेगी। पीएमओ के निर्देश पर बनी उच्च स्तरीय समिति का अध्यक्ष प्रवेश वर्मा को बनाया गया है। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की करीब 1400 किलोमीटर सड़कें हैं। इसके अलावा नए एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। एमसीडी की सड़कों को लेकर हमेशा दुविधा बनी रहती है कि इनकी मरम्मत कौन करेगा। यह समिति फ्लाईओवर और सड़कों को लेकर विस्तृत योजना तैयार करेगी। समिति इस तरह के अध्ययन को पहले ही करके नए प्रोजेक्ट के साथ अन्य सड़कों को भी शामिल कर लेगी।

### विभागों में तालमेल होगा

आप सरकार के दौरान राज्य और केंद्र के विभागों के बीच तालमेल टूट गया था। अब प्रवेश वर्मा को जिम्मा दिया गया है कि वह सभी विभागों के बीच तालमेल स्थापित कर जवाबदेही तय करेंगे। पीएमओ के निर्देश पर बनी समिति निगरानी करेगी। इससे प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी।

दैनिक जागरण 9
नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 2025

# किराया न मिलने से नाराज सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के लोग आज करेंगे प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : रिहायश के लिहाज से असुरक्षित घोषित किए गए मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट (एसवीए) के लोग बृहस्पतिवार को आइएनए स्थित विकास सदन डीडीए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे। एसवीए आरडब्ल्यूए का कहना है कि अपार्टमेंट के निवासियों का जीवन खतरे में है, लेकिन डीडीए को परवाह नहीं है। हाई कोर्ट ने डीडीए को अपार्टमेंट खाली कराने के लिए तुरंत किराया देने का आदेश दिया गया था, लेकिन फ्लैट खाली करने वालों को किराए का भुगतान नहीं कर रहा है।



मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट •

- आइएनए स्थित डीडीए वीसी कार्यालय के बाहर करेंगे प्रदर्शन
- डीडीए लोगों को नहीं देर रहा किराया

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमरेंद्र राकेश व महासचिव गौरव पांडे ने बताया कि डीडीए के उदासीन रवैये से अपार्टमेंट के निवासी परेशान हैं। उपराज्यपाल के आदेश और उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद डीडीए अधिकारी ऐसे काम कर रहे हैं जैसे उन्हें उनकी कोई परवाह ही नहीं है। जानबूझकर कोर्ट के आदेश और उपराज्यपाल के निर्देश के क्रियान्वयन में देरी करते रहे हैं। फ्लैट खाली कराने के लिए अधूरी एसओपी जारी करके निवासियों को गुमराह कर रहे हैं। डीडीए के रवैये के विरोध में बृहस्पतिवार को सभी निवासी सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के मुख्य गेट पर जमा होंगे और डीडीए के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर ढाई बजे आइएनए स्थित डीडीए कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने कहा कि सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासी विरोध प्रदर्शन से शासन-प्रशासन को बताना चाहते हैं कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना होती है तो डीडीए जिम्मेदार होगा।

## सिग्नेचर अपार्टमेंट के लोग आज प्रदर्शन करेंगे

नई दिल्ली। मुखर्जी नगर में सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासी गुरुवार को डीडीए प्रशासन के खिलाफ अपार्टमेंट के बाहर और डीडीए के आईएनए स्थित कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। अपार्टमेंट को नवंबर 2022 में आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट पर अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद डीडीए प्रशासन ने नई इमारतों में फ्लैट बनने तक लोगों को किराया देने का भरोसा दिया। इस संबंध में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## पीपीपी माडल की बजाय डीडीए ने स्वयं संभाली कमान

एलजी के निर्देशन में डीडीए स्वयं उक्त सभी परियोजनाओं को पूरा करने में लगा है। हालांकि पहले पीपीपी माडल पर काम करने की सोच बनी थी, लेकिन बाद में इससे परहेज किया गया। डीडीए अधिकारी बताते हैं कि यमुना की आरती शुरू हो चुकी है, नदी की सफाई का काम भी चल रहा है और रिवरफ्रंट भी तेजी से बन रहा है। मिनी क्रूज चलाने का एमओयू भी हो चुका है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**



NAME OF NEWSPAPERS—— दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 2025 ——DATED——


# तालमेल के अभाव में अब नहीं रुकेंगी विकास की योजनाएं

- मंत्री प्रवेश वर्मा बनाएंगे केंद्र और दिल्ली सरकार के विभागों के बीच समन्वय
- प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर गठित समन्वय समिति के बने अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, जागरण,नई दिल्लीः दिल्ली में डबल इंजन की सरकार का असर दिखाई देना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय लोगों को दिल्ली के विकास के लिए जो आश्वासन दिया था उसी के तहत भारत सरकार ने कामकाज में सामंजस्य स्थापित करने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर दी है। इसका अध्यक्ष दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा को बनाया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर गठित इस समिति में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) दिल्ली नगर निगम, (एमसीडी), दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग को शामिल किया गया है। समिति में इन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे, जो किसी भी मुद्दे पर तुरंत फैसला लेंगे।

समिति का उद्देश्य साफ है कि दिल्ली के चहुंमुखी विकास में न देरी हो और न लापरवाही हो और काम को लेकर जिम्मेदारी भी हो। इसी लक्ष्य के साथ अब दिल्ली आगे बढ़ेगी और दिल्ली के विकास को लेकर कामकाज में एक अलग तरीके का बदलाव नजर आएगा। अब न किसी कारण से योजना रुकेगी और न अनुमति मिलने में विलंब होगा। फंड की भी कोई समस्या दिल्ली के विकास को लेकर नहीं रहेगी।

देश की राजधानी और बहु-निकाय व्यवस्था होने के कारण दिल्ली शहर में विकास करने के लिए तमाम अड़चनें भी पैदा होती हैं। दिल्ली की नई भाजपा सरकार ने इस समस्या को समझा है और शुरुआती दिनों में ही इसे दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठा दिया है।

इससे पहले दिल्ली सरकार के तमाम विकास कार्य इसलिए नहीं हो पाते थे कि दूसरी एजेंसियों से अनुमति मिलने में देरी होती थी। इसके चलते ईस्ट वेस्ट कारिडोर, नार्थ साउथ कारिडोर सहित दिल्ली के ढांचागत विकास की कई योजनाएं कागजों में ही दम तोड़ रही हैं। अब दिल्ली में ऐसा नहीं हो सकेगा, सभी विभागों के साथ तालमेल बनाकर काम होगा।

## समिति के अध्यक्ष का इन मुद्दों पर रहेगा फोकस

- विभागीय टकराव समाप्त होगा, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय से परियोजनाओं का सुचारु क्रियान्वयन होगा
- सड़क और फ्लाईओवर योजना– दिल्ली में आधुनिक और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के लिए विस्तृत योजना पर काम होगा
- पीएमओ की पहल के तहत उच्चस्तरीय निगरानी और तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- सभी अधिकारियों की भागीदारी और जवाबदेही तय कर प्रभावी नीति बनेगी
- 100 साल के मास्टर प्लान के अनुसार दीर्घकालिक, समग्र और टिकाऊ शहरी विकास की योजना पर काम होगा
- डबल इंजन सरकार का असर है कि केंद्र और दिल्ली की सरकार के बेहतर तालमेल से तेजी से विकास कार्य होंगे

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS---- दैनिक जागरण II
नई दिल्ली, 3 अप्रैल 2025
www.jagran.com ----DATED----

# दिल्ली में 22 किमी का होगा यमुना रिवरफ्रंट

## यमुना के जलस्तर को ध्यान में रखते हुए डीडीए ने बदला एक ही जगह रिवरफ्रंट बनाने का निर्णय

संजीव गुप्ता • जागरण

नई दिल्ली: राजधानी में यमुना को प्रदूषण मुक्त होने में भले ही अभी दो से तीन साल लग जाएं, लेकिन यमुना रिवरफ्रंट साल भर में तैयार हो जाएगा। खास बात यह है कि रिवरफ्रंट न केवल नदी के पूरे हिस्से को कवर करेगा बल्कि अपने आप में कई आकर्षण समेटे हुए होगा। भविष्य में यह रिवरफ्रंट राजधानी के एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

गत वर्ष जुलाई में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मिलेनियम डिपो की करीब 62 एकड़ जमीन पर रिवरफ्रंट बनाने के लिए रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) आमंत्रित किए थे। सलाहकार नियुक्ति और डीपीआर तैयार करने के बाद यह परियोजना सार्वजनिक निजी भागीदारी माडल पर क्रियान्वित की जानी थी। बाद में एक उच्चस्तरीय बैठक में विचार हुआ कि दिल्ली में यमुना का जल स्तर घटता-बढ़ता रहता है, इसलिए एक ही जगह रिवरफ्रंट बनाने से लाभ नहीं होगा। बेहतर है कि दिल्ली में वजीराबाद से ओखला तक यमुना के पूरे 22 किमी लंबे हिस्से को ही रिवरफ्रंट के तौर पर विकसित किया जाए। इससे जनता को यमुना के पास लाना भी संभव हो पाएगा और प्रदूषण मुक्त एवं अविरल यमुना के प्रति जागरूक किया जा सकेगा।

राजनिवास अधिकारियों के मुताबिक इसी सोच के साथ यमुना से जुड़ी सभी 11 परियोजनाओं को रिवरफ्रंट के साथ जोड़ दिया गया है। इनमें 10 परियोजनाएं तो ऐसी हैं, जो 26 मई 2022 को वीके सक्सेना के एलजी एवं डीडीए का अध्यक्ष बनने के बाद ही शुरू हुई हैं। कुल 11 में से छह परियोजनाएं लगभग तैयार हैं जबकि शेष 10 से 11 महीने में पूरी हो जाएंगी। इन 11 परियोजनाओं के साथ यमुना के दोनों किनारों को इस तरह विकसित किया जाएगा कि राजधानी ही नहीं, एनसीआर और समीपवर्ती अन्य शहरों के लोग भी घूमने आएंगे। सारा निर्माण कार्य कंक्रीट का इस्तेमाल किए बिना मार्बल, पत्थर, रेत- बजरी, बांस व लोहे इत्यादि का उपयोग करके किया जा रहा है। रिवरफ्रंट से जुड़ी सभी परियोजनाएं यमुना बाढ़ क्षेत्र के 1700 हेक्टेयर एरिया में तैयार हो रही हैं। अभी तक इन पर 220 करोड़ रुपये तक का व्यय हो चुका है। करीब 70 से 80 करोड़ रुपये का व्यय और संभावित है।

- राजधानी में नदी के पूरे हिस्से को किया जाएगा विकसित, यमुना से जुड़ीं सभी 11 परियोजनाओं को रिवरफ्रंट के साथ जोड़ दिया गया
- यमुना से जुड़ीं सभी 11 में से छह परियोजनाएं तैयार हैं जबकि एक लगभग तैयार है, शेष परियोजनाएं 10 से 11 महीने में पूरी हो जाएंगी।



मिलेनियम डिपो की जमीन पर बनाया जा रहा वाक वे • जागरण

**11 परियोजनाएं और उनकी स्थिति**

| | |
|---|---|
| 1. यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क | तैयार |
| 2. असिता ईस्ट | तैयार |
| 3. बांसेरा पार्क | तैयार |
| 4. यमुना वाटिका | तैयार |
| 5. अमृत उद्यान | तैयार |
| 6. वासुदेव घाट | तैयार |
| 7. कालिंदी बायोडायवर्सिटी पार्क | काम जारी |
| 8. यमुना वनस्थली | काम जारी |
| 9. मयूर नेचर पार्क | लगभग तैयार |
| 10. हिंडन सरोवर | काम जारी |
| 11. मिलेनियम इको टूरिज्म | काम जारी |

सामूहिक प्रयास जरूरी » संपादकीय

# सामूहिक प्रयास जरूरी

**दिल्ली में यमुना को पुनर्जीवन देने के मद्देनजर इसके किनारों को भी रिवरफ्रंट के रूप में विकसित करने की योजना स्वागतयोग्य है। इससे नदी के बेहतर रखरखाव और उसे अतिक्रमण मुक्त रखने में सहायता मिलेगी, तो जनता भी यमुना के प्रति जागरूक और संवेदनशील होगी। एलजी के निर्देशन में डीडीए इस योजना पर तेजी से काम कर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि साल भर के भीतर सारा काम पूरा कर लिया जाएगा।**

**दिल्ली में यमुना को पुनर्जीवन देने के मद्देनजर इसके किनारों को भी रिवरफ्रंट के रूप में विकसित करने की योजना स्वागतयोग्य है**

नदियां किसी भी शहर की जीवन रेखा होती हैं, लेकिन इसे देश की राजधानी का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि यहां की जीवन रेखा खुद डायलिसिस पर है। ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाली यमुना नदी खुद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाती रही है। इसके जल का आचमन करना तो दूर की बात, दिल्ली में यमुना कहीं स्नान करने लायक भी नहीं रही। हालांकि राजनीतिक दलों के एजेंडे में इसकी सफाई प्राथमिकता पर होती है, लेकिन हर बार कागजों-भाषणों तक ही सिमटती रही है। हाल ही में दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई भाजपा सरकार ने जिन मुद्दों के जरिये आम आदमी पार्टी को पटखनी दी है, उसमें यमुना का शुद्धिकरण प्रमुख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यमुना को तीन साल में साफ करने का वादा किया है। नदी में मिनी क्रूज चलाने का एमओयू भी साइन हो चुका है और सफाई भी चल रही है। इससे सरकार की गंभीरता का पता चलता है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS-------- नवभारत टाइम्स नई दिल्ली । गुरुवार, 3 अप्रैल 2025 ---DATED---------------------

Infrastructure

# इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कामों के लिए बेहतर बनेगा तालमेल

## मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में बनी हाई लेवल कमिटी, हर एजेंसी से होंगे मेंबर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली मे सड़कों और फ्लाईओवर निर्माण मे तेजी लाने और इन कामों से जुड़ी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए एक विशेष उच्चस्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा इस समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि PWD, MCD, NDMC, NHAI, CPWD, DDA जैसी एजेंसियो और शहरी विकास, पर्यावरण जैसे सरकार के अन्य प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी/ब्यूरोक्रेट्स इस समिति के सदस्य होंगे।



समिति के तहत ये सभी एजेंसियां एक मंच पर आकर काम करेंगी, जिससे सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में तेजी आने और बेहतर तालमेल के साथ काम होने की उम्मीद है। खासकर सड़कों के निर्माण और मरम्मत के काम को सुचारू बनाने यह समिति बेहद अहम भूमिका निभाएगी। अगर यह समिति सफल रहती है, तो यह देश के अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल बन सकती है।

**सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के निर्देश पर इस कमिटी का गठन किया गया है**

बताया जा रहा है कि सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के निर्देश पर इस कमिटी का गठन किया गया है, क्योंकि दिल्ली में सड़कों और फ्लाईओवर निर्माण से जुड़े अलग-अलग विभागों के बीच तालमेल की कमी के कारण परियोजनाएं अक्सर देरी से पूरी होती हैं।

पिछले 10 सालों में सरकारी लापरवाही के चलते दिल्ली की सड़कें बेहद जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। इस नई समिति का उद्देश्य इन समन्वय संबंधी समस्याओं को हल करके बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करना है।

PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा है कि दिल्ली की सड़कों और फ्लाईओवर से जुड़े कामो मे विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी के कारण अक्सर असमंजस की स्थिति बनी रहती है और परियोजनाएं देर से पूरी होती हैं। हमारा लक्ष्य एकीकृत दृष्टिकोण अपनाकर समन्वय से जुड़ी इन समस्याओं को हल करना है। यह समिति सभी संबंधित एजेंसियों के बीच संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी मंच बनेगी। समिति केवल नई सड़कों के निर्माण पर ही नहीं, बल्कि मरम्मत के काम पर भी ध्यान देगी। समिति नियमित बैठकों के माध्यम से भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी ट्रांसफर और एजेंसियों के बीच समन्वय के मुद्दों को तेजी से हल करने में भी कारगर साबित होगी।

प्रवेश ने कहा कि दिल्ली जैसे बड़े और व्यस्त शहर में बेहतर समन्वय से हम सड़क निर्माण और मरम्मत के कामों में होने वाली देरी को कम करेंगे और रोड़ नेटवर्क की गुणवत्ता को बढ़ाएंगे। दिल्ली में हाल के सालों में बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर सुधार किया जा रहा है।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### क्यों ज़रूरी है कमिटी?

दिल्ली का मल्टीपल एजेंसी सिस्टम विकास की रफ्तार को बढ़ाने के बजाय धीमा करने का काम कर रहा है। 30 से अधिक सरकारी एजेंसिया विभिन्न कामों के लिए मजूरी देती है। अगर कही फ्लाईओवर बनाना हो, तो पेड़ काटने की परमिशन मिलने मे दिक्कत आती है। रोड बनानी हो, तो ट्रैफिक डायवर्जन की अनुमति देने मे ट्रैफिक पुलिस आनाकानी करती है। एनबीटी एजेंडा सीरीज के तहत हमने इस मुद्दे को उठाया था। एक्सपर्ट्स का सुझाव था कि इसके समाधान के लिए कोई नोडल एजेंसी बनाई जानी चाहिए या ऐसा कोई सक्षम अधिकारी नियुक्त होना चाहिए, जो विभिन्न एजेंसियो के बीच तालमेल कायम कर सके।

# HC ने दिया स्कूल की ज़मीन से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एमसीडी को जांच कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वजीरपुर में धार्मिक संरचना और दुकानों ने स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण तो नहीं किया है और स्टूडेंट की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

**याचिका मे स्कूल की जमीन पर कई दुकाने और धार्मिक संरचना बनाने का लगाया आरोप**

चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने एमसीडी से कहा कि वह सेव इंडिया फाउंडेशन की जनहित याचिका को इस मुद्दे पर एक रिप्रजेंटेशन के रूप मे देखे। एमसीडी के वकील ने दलील दी कि धार्मिक संरचना स्कूल से पहले की है और किसी भी शिकायत के मामले में याचिकाकर्ता को धार्मिक समिति से संपर्क करना चाहिए था, जो अधिकृत धार्मिक संरचनाओं को तोड़ने के मुद्दों से निपटती है। जब वकील ने कहा कि कथित दुकाने असल मे स्कूल की सीमा के बाहर स्थित 'शेड' है, तो बेंच ने आदेश दिया, चाहे जो भी हो, याचिका में शिकायत का निवारण किया जाना चाहिए। हम निर्देश देते है कि याचिका को प्रतिवेदन के रूप में लिया जाएगा और एमसीडी द्वारा विचार किया जाएगा। अगर आरोपों की पुष्टि होती है, तो सर्वे के बाद रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए। अगर धार्मिक संरचना से संबंधित कोई अवैध निर्माण पाया जाता है, तो मामले को उचित कार्रवाई के लिए धार्मिक समिति को भेजा जाना चाहिए। यह देखते हुए कि स्कूल मे एंट्री करने के लिए कथित रूप से कुछ 'अनियंत्रित' गेट है, कोर्ट ने कहा कि स्टूडेंट्स, खासतौर से लड़कियो की उचित सुरक्षा सुनिश्चित करना एमसीडी का कर्तव्य होना चाहिए।

जनहित याचिका मे स्कूल की जमीन पर घोर अतिक्रमण का आरोप लगाया और वहां बनी कई दुकानों के साथ हाई राइज धार्मिक संरचना को वहां से हटाने की मांग की। दावा किया कि एमसीडी ने सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद डीडीए द्वारा आवंटित सरकारी जमीन पर एक स्कूल खोला।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 अप्रैल, 2025 —DATED—

वर्षा किसे अच्छी नहीं लगती, पर दिल्ली वालों को इससे डर लगता है। इसकी वजह यह कि जरा सी वर्षा होते ही राजधानी की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। घरों-दुकानों में पानी घुस जाता है। पिछले साल 27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर राव आइएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में वर्षा का पानी भरने से दो छात्राओं व एक छात्र की मौत भी हो गई थी। इस घटना ने देश की राजधानी में जल निकासी सिस्टम को लेकर कई सवाल खड़े किए। इन सवालों की अनदेखी कर नगर निगम से लेकर लोक निर्माण विभाग और प्राधिकरण के अधिकारी यह दावा करते नहीं अघाते कि सबकुछ ठीकठाक है। नगर निगम हर साल नालों की सफाई के आंकड़े जारी करता है। उसके यह दावे सड़कों पर एकत्रित गाद के रूप में सड़ांध मारते रहते हैं। वर्षा होने पर यह गाद फिर से नालों में भर जाती है। दिल्ली की सिविक एजेंसियों का यह रवैया वरसों से चला आ रहा है। आखिर मानसून पूर्व नालों की अच्छे ढंग से सफाई क्यों नहीं हो पाती, इसमें कहां है गतिरोध और कौन है इसके लिए जिम्मेदार? सड़कों पर जलभराव रोकने के लिए मानसून पूर्व नालों की ठीक ढंग से सफाई सुनिश्चित कराने के लिए क्या किए जाने चाहिए ठोस उपाय, इसी की पड़ताल हमारा आज का मुद्दा है :

# आंकड़ों की जादूगरी
# गाद कीचड़ में फेल




निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास बारापुला नाले की मशीन द्वारा सफाई की जा रही है। दिल्ली में ऐसे ही बड़े-छोटे नालों की सफाई तो होती है, हालात फिर खराब ही रहते हैं • विपिन शर्मा

# दो महीने नहीं, पूरे साल का काम है नालों की सफाई



**प्रदीप कुमार**
पूर्व मुख्य अभियंता, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए)

बरसाती नाले हों या सीवरेज नेटवर्क। इनकी सफाई दो महीने की खानापूरी नहीं, बल्कि इसका रखरखाव पूरे साल करने की जरूरत है। एनसीआर में जून के अंत या जुलाई में मानसून दस्तक देता है। नगर निगम, प्राधिकरण, सभी विभाग मई और जून में जागते हैं। अचानक सैकड़ों किलोमीटर लंबे नालों के नेटवर्क की सफाई संभव नहीं है। यही कारण है कि शहर की सड़कों पर वर्षा के दौरान सैलाब आ जाता है और इसको रोकने का विभागों के पास कोई उपाय भी नहीं होता है। विभागों को चाहिए कि अच्छी एजेंसियों को नालों के रखरखाव का काम सौंपें ताकि लोगों को जलभराव की आफत न झेलनी पड़े। दूसरी बात यह कि एनसीआर में तेजी से आबादी बढ़ रही है। अगर गुरुग्राम की बात करें तो यह शहर सिर्फ पिछले 20-22 वर्षों की ही देन है। मास्टर प्लान जब बनते हैं तो आने वाले सालों में शहर कैसा होगा, आबादी कितनी होगी, कितने पानी की जरूरत होगी, बरसाती नाले यानी ड्रेनेज नेटवर्क, सीवर और रोड की प्लानिंग की जाती है। तेजी से विकसित होने वाले शहरों में इस मास्टर प्लान पर भी उतनी ही तेजी से काम करने की जरूरत हो जाती है। मास्टर प्लान 2031 शहर में 42.5 लाख आबादी को आधार मानते हुए तैयार किया गया है, लेकिन अब 2025 में ही शहर की आबादी लगभग 40 लाख तक पहुंच गई है। गुरुग्राम शहर आइटी और इंडस्ट्री के कारण देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यही वजह है कि तेजी से लोग यहां आकर बस रहे हैं। जब किसी शहर की आबादी बढ़ती है तो इसका सबसे ज्यादा असर वहां की मूलभूत सुविधाओं पर पड़ता है। गुरुग्राम में दो से तीन घंटे की तेज वर्षा में ही इलाके जलमग्न हो जाते हैं। घरों में भी पानी घुस जाता है, कारें डूब जाती हैं। अचानक इतनी वर्षा में कोई भी शहर हो, वहां का ड्रेनेज फेल हो जाता है। क्योंकि 100 एमएम वर्षा अचानक हो जाए तो बरसाती पानी की निकासी होने में समय लगता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव देखने को मिल रहा है। या तो वर्षा होती नहीं है या फिर इतनी हो जाती है कि बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। एनसीआर को बाढ़ या जलभराव से बचाने के लिए सिर्फ मानसून नहीं बल्कि पूरे साल काम करने की जरूरत है। अगर कम वर्षा में भी शहर डूबने जैसी स्थिति हो जाती है तो इसका सीधा मतलब है कि ड्रेनेज नेटवर्क की सफाई नहीं की गई है। ज्यादातर विभाग मई, जून या जुलाई में ही नालों की सफाई की योजना बनाते हैं। अगर नालों में गाद नहीं जमी होगी तो तेजी से बरसाती पानी की निकासी हो जाएगी। सिर्फ ड्रेनेज सिस्टम की ही नहीं, साथ-साथ सड़कों की भी मरम्मत जरूरी है ताकि गड्ढों में जलभराव न हो। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शहरों के लिए बहुत जरूरी है। एक तो इसके कारण भूजल रिचार्ज होता है और पानी बचाकर हम अपना भविष्य सुरक्षित करते हैं। बड़े-बड़े महानगरों में जलसंकट होने लगा है। दूसरा यह कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जलभराव की समस्या से बचाव में अहम भूमिका होती है। पानी सड़कों या निचले क्षेत्रों में एकत्र न होकर सीधे जमीन में पहुंच जाता है। इसमें प्रयास यह होना चाहिए कि बड़े प्लाट, घर, सोसायटियों और सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने चाहिए। कृत्रिम झील बनाकर भी जलभराव की समस्या का समाधान किया जा सकता है। प्राकृतिक नालों को झील और तालाबों से कनेक्ट करने से बरसाती पानी निचले क्षेत्रों में नहीं भरेगा। [illegible] का निर्माण करके भी जलभराव से निजात दिलाई जा सकती है। अरावली की पहाड़ी में चेकडैम बनाए जा सकते हैं ताकि पहाड़ी क्षेत्र के पानी को वहीं रोका जा सके। कुछ चेकडैम पहले भी बनाए गए थे, लेकिन अब जरूरत के अनुसार नए चेकडैम बनाने चाहिए। नजफगढ़ ड्रेन गुरुग्राम और दिल्ली की मुख्य ड्रेन है। गुरुग्राम में लेग-एक, दो और लेग तीन यानी बादशाहपुर ड्रेन के जरिये अरावली की तरफ से आने वाला पानी नजफगढ़ ड्रेन में पहुंचता है। नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली में यमुना नदी से जुड़ी हुई है। तीनों ड्रेन की समय पर सफाई करवाने की जरूरत है।

-जैसा प्रदीप रतन को बातचीत में बताया

# जागरूकता और सक्रियता ही समस्या का समाधान



**डा ओपी त्रिपाठी**
पूर्व प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग

दिल्ली में जलभराव ऐसी समस्या है जो विभागों की लापरवाही और अन्यमनस्कता के चलते हर साल बढ़ते-बढ़ते मुद्दा बन गई है। मानसून के दौरान हर किसी का ध्यान जलभराव पर ही होता है। देखा जाए तो दिल्ली में जलभराव की समस्या कम नहीं होने के कई कारण हैं। नालों की सफाई ठीक से नहीं होना जलभराव का एक बड़ा कारण है। मानसून के दौरान की गई तैयारी की निगरानी को भी बेहतर बनाए जाने की भी जरूरत है। अगर इन दोनों पर ही ठीक से काम किया जाए तो समस्या को कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

दिल्ली की भौगोलिक स्थिति ऐसी है जिसमें हम यह कभी नहीं कह सकते कि यहां जलभराव नहीं होगा। जलभराव की समस्या तो यहां रहेगी ही, समाधान यह निकाला जाना चाहिए कि यहां भारी वर्षा के समय एकत्रित होने वाले पानी को कितने समय में निकाला जा सकता है। मानसून के दौरान जलभराव देर तक तभी होता है, जब नालों की ठीक से सफाई नहीं होती है या आगे जाकर कहीं पर पानी रुक जाता है जिसके कारण पानी को निकलने में देर होती है।

अब हम मुख्य मुद्दे पर आएं तो इस मामले में कुछ लापरवाही होती है और कुछ तकनीकी कारण भी हैं। पहले कारण पर जाएं तो यह सभी को पता होता है कि मानसून 15 जून से आने का अनुमान होता है, इस तारीख तक जलभराव को देखते हुए व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं और बरसाती नाले हर हाल में साफ हो जाने चाहिए। नालों की सफाई की बात पर आएं तो इसके लिए जनवरी से ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए। फरवरी मार्च तक कागजी कार्यवाही पूरी हो और अप्रैल से लेकर मई जून तक सफाई का काम शुरू हो जाना चाहिए। यह सही व्यवस्था है। अगर कोई अधिकारी ऐसा नहीं करता है तो वह लापरवाही करता है। इसमें जो व्यवस्था दिल्ली में है, वही व्यवस्था एनसीआर क्षेत्र पर भी लागू होती है। अगर नाले ठीक से साफ किए गए हैं तो यह समस्या काफी हद तक काम हो जाती है और दूसरा मामला मानसून के दौरान तैयारी की निगरानी की है। इसकी बात करें तो उस दौरान उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को लेकर निगरानी और तत्परता सबसे बड़ा मुद्दा है।

दिल्ली में प्रमुख अभियंता रहते हुए मैंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा ध्यान इन्हीं चीजों पर दिया। मेरा मानना है कि मानसून से पहले की गई तैयारी का वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता नहीं करनी चाहिए। सुविधाओं को पूरी तरह चाक-चौबंद कराना उनका ही जिम्मा है। कुछ जगहों पर अचानक छापेमारी करें, जहां काम होता न दिखे, वहां तत्काल कार्रवाई भी होनी जरूरी है। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है इसी कारण हर साल ये परेशानी बड़ा मर्ज बनती जा रही है।

जलभराव वाले जिन स्थानों पर स्थायी पंप लगाए जाते हैं, मानसून के दौरान कई बार वह चल भी नहीं पाते हैं। उनके लिए इस तरीके से व्यवस्था की जाए कि उनका सही तरीके से उपयोग हो सके और यह मानसून के समय जमा होने वाले बरसाती पानी को निकालने में सक्षम रहें। इस तरीके की व्यवस्था से काफी हद तक निदान किया जा सकता है। दिल्ली के लिए नया ड्रेनेज सिस्टम बनाने की जिस योजना पर काम चल रहा है, इस कार्य को भी मेरे समय में गति दी गई थी, इस पर अभी काम ही चल रहा है। अब ऐसा माना जा रहा है कि नई सरकार इस मुद्दे को और गंभीरता से लेगी और दिल्ली के लिए एक ड्रेनेज प्लान भी बन सकेगा। दिल्ली के लिए यह एक अच्छा प्रयास होगा।

अभी यह बात कई बार सामने आती है कि शहर की जैसे-जैसे आबादी बढ़ी, वैसे-वैसे नाले और नालियां भी बढ़ती गईं और उन पर दबाव भी बढ़ता गया है। मगर प्लानिंग से अधिकतर नाले-नालियों का काम नहीं हो सका है। ऐसे में दिल्ली में कई जगह एकरूपता की कमी दिखती है। विभिन्न अध्ययन में यह बात सामने आई है कि दिल्ली में नाले-नालियां कई स्थानों पर ठीक नहीं हैं जिससे पानी के आगे निकलने में समस्या खड़ी होती है। इस पर भी काम किए जाने की जरूरत है।

-जैसा वीके शुक्ला को बातचीत में बताया

# दावों पर जमी गाद

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अनेक प्रमुख मार्गों पर जलभराव के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। पूरे एनसीआर में ऐसे कई प्वाइंट हैं, जहां दशकों से जलभराव होता है और अब तक इसका कोई समाधान जिम्मेदार विभाग नहीं निकाल पाए हैं। मानसून से पहले नालों की ठीक से सफाई न होना कोढ़ में खाज का काम करता है। एनसीआर के सभी शहरों में अप्रैल से जून तक नालों की सफाई करनी होती है। और हर साल सिविक एजेंसियों द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे भी किए जाते हैं।






| शहर | जिम्मेदारी |
|---|---|
| फरीदाबाद | सिंचाई विभाग और नगर निगम |
| गुरुग्राम | नगर निगम और प्राधिकरण |
| गाजियाबाद | नगर निगम और विकास प्राधिकरण |
| गौतमबुद्ध नगर | प्राधिकरण |





## सफाई और कार्रवाई सब कागजी

नालों की सफाई के लिए जनवरी व फरवरी से टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए और नालों की सफाई अप्रैल से लेकर 15 जून तक हो जानी चाहिए।

नालों की सफाई की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारी औचक निरीक्षण तो करते हैं लेकिन ये निरीक्षण कैसा होता है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विगत दो वर्ष में नालों से निकाली गई गाद वापस नालों में बहकर चली गई, उसके लिए किसी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**30** स्थानों पर बहुत ज्यादा जलभराव हुआ था, पानी निकासी में भी अधिक समय लगा था



**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS पंजाब केसरी DELHI 3 अप्रैल, 2025 ▸ गुरुवार

# समय पर प्रोजैक्ट पूरे करने के लिए पीएमओ ने बनाई कमेटी

- पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा बने कमेटी के अध्यक्ष

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



दिल्ली में विकास कार्यों की निगरानी अब पीएमओ करेगा। राजधानी में सड़क व फ्लाईओवर जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के निर्माण को बिना किसी बाधा के समय पर पूरा कराने पीएमओ के निर्देश पर एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में एनएचएआई, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, सीपीडब्ल्यूडी व शहरी विकास विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। यह नई कमेटी दिल्ली में इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से जुड़े विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करके समय पर परियोजनाओं को पूरा कराएगी। दरअसल इससे पहले दिल्ली की सड़कों और फ्लाईओवर से जुड़े कामों में कई एजेंसियों की भागीदारी के कारण देरी बनी रहती थी। लेकिन अब ऐसे हालात पैदा नहीं होंगे। (पृष्ठ 5 भी देखें)

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- पंजाब केसरी DELHI | 3 अप्रैल, 2025 ▶ गुरुवार

पीएमओ के निर्देश पर कमेटी गठित, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को बनाया कमेटी का अध्यक्ष...

# वर्ल्ड क्लास बनेगा दिल्ली का इन्फ्रास्ट्रक्चर सड़कों व फ्लाईओवर के निर्माण में आएगी तेजी

**नई समिति का उद्देश्य विभागों व एजेंसियों के बीच समन्वय संबंधी समस्याओं को हल करना**

**समिति में शामिल होंगे एनएचएआई, डीडीए, पीडब्ल्यूडी एमसीडी, सीपीडब्ल्यूडी व शहरी विकास विभाग के अधिकारी**

**इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रहेगी कमेटी की नजर विभागों में आपसी तालमेल रखेगी कमेटी**

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर को वर्ल्ड क्लास बनाने व विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए एक नई समिति का गठन किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के निर्देश पर बनाई गई इस कमेटी का अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा को बनाया गया है। यह कमेटी दिल्ली में सड़को-फ्लाईओवर के निर्माण और उनकी मरम्मत के कार्य को सुचारू तरीके से क्रियान्वित कराएगी। इस कमेटी में एनएचएआई, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, सीपीडब्ल्यूडी व शहरी विकास विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। दरअसल पिछली सरकार के कार्यकाल में दिल्ली में सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी के कारण परियोजनाएं अक्सर देरी से पूरी होती थीं। ऐसे में यह समिति अब दिल्ली की विकास परियोजनाओं की बारीकी से मॉनटरिंग करते हुए विभागों के बीच आपसी तालमेल सुनिश्चित करेगी और समय पर काम पूरा कराएगी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस नई समिति का उद्देश्य विभागों व एजेंसियों के बीच समन्वय संबंधी समस्याओं को हल करना और बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर पूरा करना है। मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य इन समन्वय समस्याओं को हल करके सभी संबंधित एजेंसियों के बीच संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी मंच होगी। समिति का गठन दिल्ली सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि यह प्रयास सफल होता है, तो दिल्ली की सड़कें और फ्लाईओवर पहले से अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और यातायात के अनुकूल बन सकेंगे।



## भूमि अधिग्रहण के मुद्दे का समाधान करेगी कमेटी

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह कमेटी नियमित बैठकें करके भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता स्थानांतरण और एजेंसियों के बीच समन्वय जैसे मुद्दों को तेजी से हल करेगी। उन्होंने कहा कि इस नई पहल का विशेषज्ञों और नागरिकों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे शहरी नियोजन में सुधार होगा और बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं तेज गति से पूरी होंगी। अगर यह कमेटी सफल रहती है, तो यह देश के अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल बन सकती है। उन्होंने कहा कि इस समिति के गठन से इन परियोजनाओं में देरी की समस्या को काफी हद तक कम करने की उम्मीद है।

## प्रमुख सड़कों को किया जाएगा चौड़ा, बढ़ाई जाएगी सुरक्षा

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि ट्रैफिक की भीड़ को कम करने के लिए मोती बाग मयूर विहार और अश्रम चौक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण की योजना भी बनाई गई है ताकि यातायात को सुचारू बनाया जा सके और सड़क सुरक्षा को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि धौला कुआं और आउटर रिंग रोड के कुछ हिस्सों सहित कई सड़क खंडों को नए सिरे से विकसित किया जा रहा है जिसमें बेहतर सतह निर्माण और उन्नत ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं।

## पिछली सरकार की लापरवाही के चलते दिल्ली की सड़कें जर्जर

दिल्ली की परियोजनाओं में देरी के लिए पिछली सरकार को घेरते हुए मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सड़कों और फ्लाईओवर से जुड़े कामों में कई एजेंसियों की भागीदारी के कारण देरी और असमंजस की स्थिति बनी रहती है। सरकार की लापरवाही के चलते दिल्ली की सड़कें जर्जर हालत में पहुंच गई हैं।

